**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 04.10.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

**1– नारायणपुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में चौदह माओवादी मारे गए।**

**2– मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा जिले के मसेनार और पाहुरनार गांवों को संपूर्ण जैविक ग्राम का प्रमाण पत्र प्रदान किया–बीजापुर में दो सौ तिरसठ करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।**

**3– केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्यारह लाख बहत्तर हजार से अधिक रेलवे कर्मचारियों के लिए अठहत्तर दिनों के बोनस को स्वीकृति दी।**

**4– रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में कल से शुरू होगी दो दिवसीय सशस्त्र सैन्य–प्रदर्शनी– टी–नाइंटी भीष्म टैंक और सेना के आधुनिक हथियार तथा उपकरण भी प्रदर्शित किए जाएंगे।**

**माओवादी–मुठभेड़**

नारायणपुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में चौदह माओवादी मारे गए हैं। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि यह मुठभेड़ नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ इलाके में आज दोपहर हुई। माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले से डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम गोवेल, नेंदूर और थुलथुली इलाकों में तलाशी अभियान पर निकली थी, तभी नेंदूर–थुलथुली के जंगल में यह मुठभेड़ हुई। जवानों ने मौके से मारे गए सभी चौदह माओवादियों के शव बरामद कर लिए हैं। इसके अलावा घटनास्थल से एके–फोर्टीसेवन, तथा सेल्फ लोडिंग रायफल–एसएलआर के साथ ही कई अन्य हथियार भी बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्च अभियान अभी भी जारी है।

**मुख्यमंत्री–दंतेवाड़ा**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम मसेनार और गीदम विकासखंड के पाहुरनार को संपूर्ण जैविक ग्राम का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इन गांवों में सबसे अधिक रकबे में किसानों द्वारा जैविक खेती की जा रही है। यह प्रमाण पत्र भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराया गया है। जिले में खेती में रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है तथा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने जिले के दो सौ बीस गांवों में तीन चरणों में कृषक पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा जिले के तीन सौ से अधिक प्रगतिशील किसानों को राज्य के बाहर प्रशिक्षण उपलब्ध करा कर जैविक कार्यकर्ता और मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री ने आज दंतेवाड़ा जिले में एक सौ सड़सठ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान आज मां दंतेश्वरी की पूजा–अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और वन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा के सर्किट हाऊस परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत केसर आम का पौधा लगाया। इस दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने आम का पौधा और वन मंत्री केदार कश्यप ने नारियल का पौधा लगाया। वहीं, बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बादाम और विधायक चैतराम अटामी ने कटहल का पौधा लगाया।

**मुख्यमंत्री–बीजापुर**

मुख्यमंत्री विष्णु साय ने आज बीजापुर जिले में दो सौ तिरसठ करोड़ रुपये से अधिक की लागत के दो सौ नौ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान नक्सल पुनर्वास नीति के तहत सत्तर नक्सल पीड़ित परिवारों के आश्रितों को शासकीय नियुक्ति आदेश, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत चाबी वितरण और आवास स्वीकृति पत्र भी लाभार्थियों को दिए। वहीं, मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता बोनस वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड समेत युवाओं को खेल सामग्री का वितरण भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिला अस्पताल की क्षमता को सौ बिस्तर से बढ़ाकर दो सौ बिस्तर करने और नर्सिंग कॉलेज खोलने की घोषणा की।

इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बीजापुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं को सरकार आगे बढ़ने का पूरा अवसर देगी। मुख्यमंत्री ने युवाओं की मांग पर बीजापुर कलेक्टर को निर्देश दिए कि यहां के युवाओं को जल्द ही शून्य प्रतिशत ब्याज में एजुकेशन लोन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। श्री साय ने युवाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।

**केंद्रीय मंत्रिमंडल–मंजूरी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्यारह लाख बहत्तर हजार से अधिक रेलवे कर्मचारियों के लिए अठहत्तर दिनों के बोनस को स्वीकृति दी है। बोनस पर दो हजार उनतीस करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बोनस का भुगतान रेलवे कर्मचारियों को रेलवे के प्रदर्शन में सुधार की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करने के लिए एक प्रोत्साहन है। इसके अलावा, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने को मंजूरी दे दी है।

**सशस्त्र सैन्य–प्रदर्शनी**

रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में कल से दो दिवसीय सशस्त्र सैन्य–प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। भारतीय सेना के अधिकारी और छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा सब एरिया के कमांडर ब्रिगेडियर अमन आनंद ने बताया कि इस कार्यक्रम में सेना के शौर्य प्रदर्शन के साथ ही टी–नाइंटी भीष्म टैंक और आधुनिक हथियार तथा उपकरण भी प्रदर्शित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस सैन्य–प्रदर्शनी में सैनिक पैरा जंपिंग, खुखरी डांस, डेयरडविल मोटरसाइकलिंग राइडिंग और घुड़सवारी का भी प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आधुनिक उपकरणों के साथ युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। नागरिकों के साईंस कॉलेज मैदान तक पहुंचने के लिए अलग–अलग स्थानों से बस चलाई जाएंगी। सैन्य प्रदर्शनी सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी।

वहीं, छत्तीसगढ़ और ओडिशा उप क्षेत्र द्वारा रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में कल से दो दिवसीय सशस्त्र बल आउटरीच कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार और नागरिक प्रशासन के गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। वहीं, मध्य कमान और मध्य भारत क्षेत्र के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। भारतीय सेना की ताकत और कौशल का प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न इकाइयों और संरचनाओं से तीन सौ से अधिक भारतीय सेना के जवान इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

**रोहित यादव–कार्यभार ग्रहण**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के नये अध्यक्ष डॉक्टर रोहित यादव ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले, कल राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी डॉक्टर रोहित यादव को ऊर्जा विभाग का सचिव नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के अध्यक्ष की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है। डॉक्टर यादव हाल ही में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं। मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद को ऊर्जा विभाग के सचिव और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के चेयरमैन के दायित्व से मुक्त कर दिया गया है।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम "बातों–बातों में" इस बार केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए **"धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान"** पर **जाने–माने विश्लेषक और पूर्व आईएएस अधिकारी डॉक्टर सुशील त्रिवेदी से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण** किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल पांच अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**स्वच्छता ही सेवा–विशेष कार्यक्रम**

स्वच्छता ही सेवा अभियान पर आकाशवाणी रायपुर से कल पांच अक्टूबर को शाम सात बजे विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का निर्माण प्रादेशिक समाचार एकांश ने किया है।

**रेलवे–ट्रैक मशीन**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेल लाइनों के मरम्मत, जांच और निगरानी के लिए पचहत्तर ट्रैक मशीनों को तैनात किया गया है। पिछले छह महीनों में इन ट्रैक मशीनों द्वारा एक सौ चार किलोमीटर ट्रैक का रिन्यूअल किया गया है। वहीं, एक सौ तैंतीस किलोमीटर ट्रैक में गिट्टी की छनाई की गई है और छत्तीस सौ किलोमीटर से अधिक प्लेन ट्रैक टैंपिंग का कार्य किया जा चुका है। गौरतलब है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीसरी लाइन, चौथी लाइन और नई लाइन के निर्माण कार्य और उनकी मरम्मत के लिए इन ट्रैक मशीनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

**राज्य स्थापना दिवस–कार्यक्रम**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर के अलावा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पांच नवंबर को एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में सरकार की उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं और परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। वहीं, जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इसी तरह, एक से छह नवंबर तक सभी शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी।

**संक्षिप्त समाचार**

– केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू आज बिलासपुर में जिला विकास समन्वय और मूल्यांकन समिति की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा की।

– राज्य सरकार ने धमतरी जिले के नेहरू राम निषाद को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विकास विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

– छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार नितिन चौबे का आज निधन हो गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने उनके निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है।

– स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज रायपुर रेलमंडल के सभी स्टेशन परिसर और रेलवे कॉलोनियों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

– जांजगीर में बलौदा मार्ग पर जावलपुर गांव में ग्रामीणों ने आज सड़क की खराब हालत को लेकर प्रदर्शन किया।

– भिलाई के वैशाली नगर क्षेत्र में पंजाब से लाकर नशीला पदार्थ बेचने वाले एक व्यक्ति को दुर्ग पुलिस ने पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर सात लाख रूपए का नशीला पदार्थ बरामद किया जा चुका है।

– भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत आज जांजगीर–चांपा जिले के अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय शामिल हुए।